राज्य सभा

अतारांकित प्रश्ना संख्याय 1099

04 मार्च, 2015 को उत्तहर के लिए

वाइज़ेग इस्पात संयंत्र स्थल पर सुरक्षा तंत्र का सुदृढ़ीकरण

1099. डा. के.वी.पी. रामचन्द्र राव:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान वाइज़ेग इस्पात संयंत में बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं की ओर आकर्षित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में कोई अध्ययन/जांच का आदेश दिया है;

(ग) जांच से क्या निष्कर्ष निकले हैं; और

(घ) क्या सरकार ने जांच के प्रतिवेदनों पर अनुवर्ती कार्रवाई की है और वाइज़ेग इस्पात संयंत्र स्थल पर सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ किया है?

उत्त र

इस्पांत और खान राज्यो मंत्री **श्री विष्णुी देव साय**

(क): जी हॉ।

(ख) से (घ): दुर्घटनाएं/ घटनाएं होने पर राष्ट्री य इस्पाित निगम के प्रबंधन द्वारा जांच समितियां गठित की गई है। गंभीर दुर्घटनाओं के मामलों में संयंत्र स्त रीय जांचकरने और राज्य् सरकार / स्थाननीय प्राधिकारियों द्वारा जांच का आदेश देने के अतिरिक्त् मंत्रालय द्वारा उच्च स्त्रीय जांच के आदेश दिये जाते हैं। समितियों के निष्क र्षो में इस प्रकार की दुर्घटनाओं के कारण और पुनरावृत्ति रोकने की सिफारिशें इत्याहदि शामिल होते हैं। जांच समितियों की सिफारिशों का क्रियान्वणयन, निगरानी और समीक्षा संयंत्रों/ यूनिटों में उपयुक्तम स्तारों पर की जाती है। सुरक्षा तंत्र को सशक्तन बनाने के लिए किये गये उपायों में अन्यट के साथ-साथ निम्नै शामिल है:-

i. डायरेक्ट र सेफ्टी, रीजनल लेबर इंस्टीुट्यूट, चेन्ननई, डीजीएफएएसएलआई द्वारा अक्तूनबर, 2012 में खतरों की पहचान समीक्षा एवं जोखिम मूल्यांसकन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रमआयोजित किए गए हैं।
ii. रीजनल लेबर इंस्टीषट्यूट, चेन्नाई, डीजीएफएएसएलआई (डायरेक्टकरेट जनरल, फैक्ट्री एडवाइस सर्विस एंड लेबर इंस्टीनट्यूट) द्वारा जुलाई, 2012 में व्याषपक सुरक्षा ऑडिट कराया गया।
iii. आपात योजना के अनुसार आवधिक मॉक ड्रिल आयोजित की जाती है।
iv. संवेदनशील और गैस संभावित क्षेत्रों में गैस लीकेज का पता लगाने वाले स्वचालित अलार्म का प्रावधान करना।
v. प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं के जरिए सुरक्षा अभियान चलाना।
vi. कार्य विशिष्टव्यक्तिगत सुरक्षा उपस्करों के उपयोग पर बल देना।
vii. व्यवहार आधारित सुरक्षा एवं कानूनी जागरूकता संबंधी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन।
viii. “ऑक्सीजन के उपयोग वाली प्रणालियों में आग की रोकथाम ” पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।

******